भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या : *283
उत्तर देने की तारीख : 09 अगस्त, 2021

प्राचीन भाषा हेतु मानदंड

*283. **श्री गोपाल शेट्टी :**

श्री अरविंद सावंत :

क्या **संस्कृति मंत्री** मराठी भाषा को क्लासिकल भाषा का दर्जा देने के बारे में 10.02.2020 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1192 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने मराठी को प्राचीन भाषा का दर्जा देने हेतु प्राचीन भाषा के रूप में वर्गीकरण से संबंधित परामर्श तथा मानदंडों की पुनरीक्षा का कार्य पूरा कर लिया है;
(ख) यदि हां, तो इस संबंध में वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या महाराष्ट्र सरकार ने केन्द्र सरकार से मराठी को प्राचीन भाषा का दर्जा प्रदान करने का पुन: अनुरोध किया है;
(घ) क्या मराठी भाषा को प्राचीन भाषा का दर्जा प्रदान कर दिया गया है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इस संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
(जी. किशन रेड्डी)
संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री

(क) से (ड.) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

प्राचीन भाषा हेतु मानदंड के संबंध में दिनांक 09 अगस्त, 2021 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *283 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख) : जी, नहीं। किसी भाषा को प्राचीन भाषा के रूप में वर्गीकृत किए जाने हेतु मानदंडों की समीक्षा करने का कार्य अभी प्रक्रियाधीन है।

(ग) : जी, हां। महाराष्ट्र राज्य सरकार ने संघ सरकार से मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान किए जाने हेतु अनुरोध किया है।

(घ) और (ड.) : जी, नहीं। मराठी भाषा को प्राचीन भाषा का दर्जा प्रदान करने का मामला सरकार के पास विचाराधीन है।